आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 22 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00 (यंग भास्कर, ऐच्छिक ₹10.00)

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025 वैशाख, कृष्ण पक्ष-12, 2082 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी dainikbhaskar.com

सीएसआईआर-सीरी में हुई प्रशासनिक हिंदी कार्यशाला

पिलानी | सीएसआईआर सीरी पिलानी में नवनियुक्त एवं अन्य सहकर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशासनिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड नई दिल्ली के उपसचिव संजीव शंकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सत्र की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की। कार्यशाला का उद्देश्य संस्थान में कार्यरत नए व अन्य कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी एवं सहज प्रयोग के लिए प्रशिक्षित करना तथा संबंधित नियम, प्रक्रियाएं और विधिक पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था। डॉ. पंचारिया ने राजभाषा हिंदी के संवर्धन और उसके उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि संजीव शंकर ने कहा कि अध्ययनरत रहते हुए सदा नया सीखने का प्रयास करें और दुविधा होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करें। कार्यशाला में प्रतिभागियों को संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन सहित आचरण नियमों, सतर्कता एवं विधिक मामलों सहित टिप्पण व प्रारूप लेखन के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यशाला का संयोजन व समन्वयन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा द्वारा किया गया।